पटेल रोड रेलवे फाटक, दिल्ली

२२१६. **श्री नवल प्रभाकर:** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पटेल रोड पर रेलवे क्रासिंग पर पुल बनाने का काम दिल्ली प्रशासन को सौंप दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब आरम्भ होगा ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री स० वें० रामस्वामी) : (क) जी नहीं ।

(ख) अभी यह बताना संभव नहीं है क्योंकि पटेल रोड पर मौजूदा विशेष श्रेणी समपार (sp_cial class level-crossing) की जगह ऊपरी सड़क-पुल बनाने का फैसला इसी साल फरवरी में किया गया है । तकनीकी और वित्तीय दोनों दृष्टिकोणों से (जिसमें लागत का अनुभाजन भी शामिल है) योजना की जांच की जा रही है ।

नांगलोई और घेवरे के बीच फ्लेग स्टेशन

२२१७. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देहली में नांगलोई और घेवरे के मध्य एक फ्लेग स्टेशन के लिए जो स्वीकृति दी गई थी, वह अभी तक नहीं बना है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सं० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख). नांगलोई और घेवरा स्टेशनों के बीच एक गाड़ी हाल्ट खोलने की मंजूरी दी गयी है । इसका प्रबन्ध ठेकेदार द्वारा किया जायेगा । इसके लिए उपयुक्त स्थान चुन लिया गया है । आशा है, निर्माण-कार्य जल्दी शुरू कर दिया जायेगा ।

पंचायतों का चुनाव

२२१८. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या **सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में पंचायतों के चुनाव कब तक हो रहे हैं ; और

(ख) क्या उनके लिए प्रारम्भिक कार्यवाही कर ली गई है ?

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सू० मूर्त्ति): (क) दिल्ली में पंचायतों के चुनावों के लिए अभी तक कोई तिथि निश्चित नहीं की गई है ।

(ख) जी हां । मतदाता सूचियों को संशोधित कर दिया गया है और उन्हें आज तक पूरा कर दिया गया है ।

नजफगढ़ में टेलीफोन कनेक्शन

२२१९. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या **परिवहन तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नजफ़गढ़ में अभी तक कितने टेलीफोन कनेक्शनों के प्रार्थना-पत्र आये हैं ; और

(ख) इस सम्बन्ध में नांगलोई की कितनी आवश्यकता है ?

परिवहन तथा संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भगवती) : (क) ३४ ।

(ख) दो टेलीफोन कनेक्शन की मांग शेष है ।

Terminal Building at Airports in Assam

2220. Shri R. Barua: Will the Minister of **Transport and Communications** be pleased to state:

(a) whether Government propose to provide new terminal buildings at various airports of Assam; and